सार-समाचार

दो से अधिक संतान की बाध्यता हटाने की मांग

रेवदर, (कासं)। पंचायत राज चुनाव में दो से अधिक संतान की बाध्यता को समाप्त करने को लेकर रेवदर के कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम उप तहसीलदार को ज्ञापन देकर पंचायत राज चुनाव में दो से अधिक संतान की बाध्यता खत्म करने की मांग की। बुनकर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार पंच सरपंच पद पर चुनाव लडने के लिए पंचायत राज अधिनियम के प्रावधान अनुसार दो से अधिक संतान वाला व्यक्ति महिला पुरुष चुनाव लडने के लिए पात्र नहीं है। जबकि विधानसभा लोकसभा चुनाव में विधायक सांसद उम्मीदवार के लिए दो से अधिक संतान वाला व्यक्ति पात्र है जो एमएलए एमपी के चुनाव लड सकता है, यानी कि ग्राम पंचायत चुनाव में दो से अधिक संतानों के व्यक्ति के चुनाव लडने की पात्रता नहीं रखना संविधान की आर्टिकल 14 व 24 के अनुसार सीधा साधा समानता के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में दो से अधिक संतान का व्यक्ति चुनाव लड सकता है। जबकि पंचायत राज में बहुत से अधिक संतान वाले व्यक्ति पर नियम लागू होने से व्यक्ति अपने संविधान से प्रदत्त मूल अधिकार से वंचित रहता है। इस अवसर पर लवजी राम बुनकर, हीराराम मेघवाल, जयंतीलाल भाट, अनिता दरबार, मोहब्बत सिंह देवडा, आसुराम लूनिया, नरभा राम पुरोहित, अजय कुमार टॉक, मफत लाल भील, अक्षय कुमार मेघवाल, ऊका राम कलबी, भेमाराम बुनकर समेत ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर कर पंचायत राज चुनाव में दो से अधिक संतान के चुनाव लडने की बाध्यता को खत्म करने की मांग की।

अन्नपूर्णा रसोई व रैन बसेरा का निरीक्षण

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार देर शाम को नगर परिषद जालोर के पास स्थित अन्नपूर्णा रसोई तथा आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अन्नपूर्णा रसाई व रैन बसेरा में अव्यवस्थाओं पर जिला कलैक्टर ने नाराजगी प्रकट की। इस दौरान उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई में भोजन की गुणवत्ता व केन्द्र की व्यवस्थाएं जांची तथा भोजन कर रहे आमजन से बातचीत करते हुए खाने की गुणवता पर फीडबैक लेते हुए संचालक को जरूरी निर्देश दिए। साथ ही साप्ताहिक मेन्यू, टोकन व्यवस्था, पेयजल तथा मैस आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने की बात कही।जिला कलैक्टर ने नगर परिषद के पास विरम मंच के पीछे नगर परिषद द्वारा संचालित आश्रय स्थल (रैन बसेरा) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रय स्थल में गर्म बिस्तर, रजाई, गद्दे, शौचालय आदि का अवलोकन कर नगर परिषद के आयुक्त दिलीप माथुर को निराश्रित, बेघर, जरूरतमंद को आश्रय स्थल में कडाके की सर्दी से राहत दिलाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तथा संसाधनों के उचित प्रबंधन की बात कही।

मेघवाल समाज का क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

गुड़ामालानी, (कासं)। उपखंड क्षेत्र से मेघवाल समाज प्रीमियर लीग वर्ष 2025 के क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ दिनांक 2 जनवरी प्रातः 10 बजे सीनियर स्कूल के सामने हॉस्टल ग्राउंड नगर में संतों के सानिध्य नेमनाथ महाराज मठाधीश नौसर सिणधरी एवं समाज के अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। समापन समारोह सीनियर स्कूल खेल मैदान गुडामालानी मंहत गणेश नाथ महाराज शिवमठ सांचौर व मुख्य अतिथि पुर्व प्रधान शिव ऊदाराम मेघवाल सहित समाज के अतिथियों की मौजूद में समापन होगा। क्रिकेट लीग संयोजक प्रगाराम बोगराज ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लेगी जो सभी मेघवाल समाज के ही खिलाडी होंगे व सभी एक ही ग्राम पंचायत के होंगे। हर समय समाज के कार्यक्रमों में भामाशाह रहने वाले युवा उद्यमी प्रहलाद मेघवाल रतनपुरा, नरिगाराम कटारिया सरपंच प्रतिनिधि गादेवी,डायाराम सरपंच प्रतिनिधि ऊदडी, देवाराम बढयि हमारा उद्देश्य खेल के प्रति युवाओं को प्रेरित करना व खेल की भावना का विकास के साथ समाज में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करना है। इस दौरान कमेटी मेंबर समाज के देवीलाल बोस ,भगराज गोयल, लक्ष्मण गुजर, रमेश बोस लोलावा, जसवंत डाभी, नरू गोयल , भावेश , नागजी जोगल, तिलोक डाभी सहित समस्त समाज के युवाओं की अहम भूमिका रहेगी।

भटाना में 600 मरीजों की जांच की

रेवदर, (कासं)। भटाना में बुधवार को सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें शिविर प्रभारी डॉ. ईश्वर सिंह मय चिकित्सा टीम ने आमजन के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान कुल 600 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की, जिसमें 199 मरीजों का बीपी व शुगर जांच कर निशुल्क इलाज किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों के टीकाकरण, दंत रोगों का उपचार,गांव में शिविर के दौरान उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने जांच की । आयुष्मान कार्ड वितरण, जननी सुरक्षा योजना व लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को भुगतान, आयुष्मान आरोग्य वय वंदन योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन की ईकेवाईसी करने सहित अन्य कार्य किए गए। इसमें ग्रामीणों ने बढ चढ कर भाग लिया। शिविर की मॉनिटरिंग व चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु, डॉ ईश्वर सिंह की ओर से की गई। शिविर के दौरान चिकित्सक टीम सहित स्वास्थ्य कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे। इस दौरान सरपंच भवानी सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह राव, धीरा राम देवासी , बलवंत सिंह, गणेश पुरोहित, गोविंद पुरोहित, प्रताप कुमार, सहित सैकडों लोगों मौजूद रहे।

प्रबोधक संघ ने जोगाराम पटेल से वार्ता की

जोधपुर,(कासं)। अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ जिला शाखा जोधपुर के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष सोहन राम जाट व प्रदेश हाई पावर कमेटी सदस्य राम जीवन चौधरी के नेतृत्व में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य व कानून मंत्री जोगाराम पटेल से जोधपुर सर्किट हाउस में वार्ता की। जिला मुख्य महामंत्री अर्जून विश्नोई ने बताया कि प्रबोधक द्वारा पैराटीचर्स, शिक्षा कर्मी, मदरसा पैराटीचर आदि के पदों पर की गई सेवा गणना को प्रबोधक सेवा गणना में जोड़ने की मांग की, जिससे की इन कार्मिकों को सेवानिवृत्ति पर पेन्शन का पूरा लाभ मिल सके। प्रदेश हाई पावर कमेटी सदस्य राम जीवन चौधरी ने बताया कि प्रबोधक को पुरानी सेवा के अनुसार वेतन वृद्धि दे दी गई, लेकिन सेवा गणना नहीं कि जिसके कारण प्रबोधक को सेवानिवृत्ति पर पेंशन परिलाभ पूरे नहीं हो पा रहे हैं। चौधरी ने कहा कि संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य व कानून मंत्री जोगाराम पटेल से प्रबोधक संघ की वार्ता सकारात्मक रही । प्रतिनिधि मंडल में मालाराम डुडी, शिवाराम पटेल, शौकत अली लोहिया, घेवर राम चौधरी, राज कुमार प्रजापत, नवल किशोर, भोमराज कटारिया, नरेंद्र चौधरी, नवल किशोर, केहरा राम पटेल, भीमाराम पटेल, गोपा राम जुणावा, ओम प्रकाश भादू, रवि कुमार सहित अनेक प्रबोधक सदस्य शामिल थे।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद के लिए आवेदन मांगे

जालोर, (कासं)। युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार के स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केन्द्र, जालोर द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए इच्छुक युवा मंडलों से 5 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला युवा अधिकारी राजेंद्र जाखड़ ने बताया कि इस वर्ष में 4 ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जानी है। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में 4 एकल श्रेणी के खेल एवं 2 समूह खेलों का आयोजन दो दिनों में किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करेंगे तत्पश्चात जिला स्तरीय विजेता इस बार आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। ब्लॉक स्तर के समूह खेल में विजेता टीमों को खेल किट नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रदान की जाएगी। इच्छुक युवा मंडल/खिलाड़ी/टीम केंद्र कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा व्यक्तिगत संपर्क कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

पुणे से इलाज करवा कर जोधपुर लौटे आसाराम

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर सेंट्रल जेल में रेप के आरोप में आजीवन सजा काट रहे आसाराम बापू दूसरी बार महाराष्ट्र के पुणे से इलाज करवा कर जोधपुर लौटा आए है। वे आज मुंबई की फ्लाइट से आये और एयरपोर्ट से सीधा सेंट्रल जेल गए। आसाराम बापू के समर्थक एयरपोर्ट पर भी नजर आए।बता दें कि आसाराम बापू 18 दिसंबर को जोधपुर से मुंबई की फ्लाइट में महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए थे। उन्हें हाईकोर्ट से दूसरी बार महाराष्ट्र जाकर इलाज करवाने की अनुमति मिली थी। आसाराम को 1 माह की पैरोल के बाद उसे 17 दिन की एक्सटेंशन मिली थी।

पूर्व सांसद गजसिंह ने तिथि अनुसार जन्मदिन मनाया

जोधपुर, (कासं)। मारवाड में सांस्कृतिक परम्पराओं, छत्तीस कौम से जुड़ाव व अपणायत रखने वाले गजसिंह का 77 वां जन्मदिन तिथि अनुसार बुधवार को उम्मेद भवन पैलेस के राठौड दरबार हॉल में पूर्ण राजसी परम्परा, गरिमा के साथ अनेक लोगों की उपस्थिति में मनाया गया। समारोह में विशिष्ट कार्य करने वाली 7 प्रतिभाओं को जोधपुर के पूर्व महाराजा ने सिरोपाव प्रदान कर सम्मानित किया।

निजी सचिव जगतसिंह राठौड ने बताया कि गजसिंह के जन्मदिन का मुख्य समारोह उम्मेद भवन पैलेस के राठौड दरबार हॉल में हुआ। गजसिंह परम्परागत राजसी पहनावे व हाथ में प्राचीन शाही तलवार व चेहरे पर अपणायत की मुस्कान के साथ राठौड दरबार हॉल में पहुंचे।

राजपुरोहितों व राजपण्डितों द्वारा परम्परानुसार मंत्रोच्चारण के साथ तिलक आरती की व पुष्पेन्द्रसिंह भाटी ने मेवा-मिष्ठान थाल प्रस्तुत किया। समारोह में भानु प्रताप सिंह पूरे समय गज सिह के पास व्यवस्था में रहे। सबसे पहले शिवराज सिंह ने नजर निछरावल की व शुभकामनाएं दी। इसके बाद भंवर सिराजदेव ने दादोसा की नजर निछरावल की एवं जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

फिर राठौर दरबार हाल में परंपरा के अनुसार पूर्व महाराज, पूर्व रावराजा, पूर्व सिरायत व पूर्व राजा, पूर्व ताजमी जागीरदार, मुस्सदी व विशिष्ट नागरिक, अतिथि, पूर्व जागीरदार, सरदार, नागरिक, मारवाड के राजपूत सरदार व पैलेस के पूर्व व वर्तमान अधिकारियों व कर्मचारियों ने नजर निछरावल कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

गजसिंह ने राठौड दरबार हॉल के मुख्य समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 7 प्रतिभाओं को परम्परागत सिरोपाव प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें इंग्लैंड के एंड्रयू स्कॉट को हाथी सिरोपाव, रॉयल रूम के जैत सिंह को घोड़ा सिरोपाव, उम्मेद भवन पैलेस म्यूजियम के जबर सिंह को घोडा सिरोपाव, कन्हैयालाल को घोड़ा सिरोपाव, सरदार समंद फॉर्म के बद्री सिंह को घोडा सिरोपाव, कल्याण सिंह राठौड़ को ट्रस्टों के मंदिरों के बेहतर संचालन के लिए पालकी सिरोपाव, मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के पुजारी पंडित लक्ष्मी दत्त बोहरा को पालकी सिरोपाव प्रदान कर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक परम्पराओं, छत्तीस कौम से जुड़ाव व अपणायत रखने वाले गजसिंह का 77 वां जन्मदिन तिथि अनुसार जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस के राठौड़ दरबार हॉल में मनाया।

दादा अमीरूदीन हैदर के चादर जलसा में लोग उमड़े

गुड़ामालानी में दादा अमरुदीन हैदर दरगाह के उर्स को लेकर चादर जुलूस निकाला। फोटो-राष्ट्रदूत

गुड़ामालानी, (कासं)। गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित दादा अमीरूदीन हैदर की दरगाह पर 38 वे उर्स को लेकर बुधवार को सायं चादर जलसा निकाला गया। जलसे के बाद कौमी एकता की बैठक होगी,जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित लोग भाग लेंगे।

दरगाह कमेटी के सदर जफर खान कोटवाल ने बताया कि छोटे ख्वाजा के नाम से विख्यात दादा अमीरूदीन हैदर के 38 वे उर्स के दौरान आज दरगाह पर चादर, फूल, लंगर,कि बोलियां लगाई गई। जिसमें बोलियां को लेकर बढ़-चढ़कर भाग लिया।

चादर जलसा बडे हर्षोल्लास के साथ रोडवेज बस स्टैंड से कोटवालों का वास,कुम्हारों का वास होते हुए दरगाह परिसर पहुंच। जहां बोलीदाता द्वारा चादर चढाई गई।

चादर की बोली सतार खान मोयला, लंगर की बोली पूर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा, फूलों की बोली नूर मोहम्मद मोयला के द्वारा ली गई। चादर जलसा में हजारों जायरीनों ने भाग लिया।

गोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता 12 को

जोधपुर, (कासं)।कायस्थ जनरल सभा के तत्वावधान में विश्वविख्यात महान् कायस्थ विभूति स्वामी विवेकानंद की 12 जनवरी को 162 वीं जयन्ती के अवसर पर आज के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद के विचारों की आवश्यकता विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन स्थानीय कायस्थ सामुदायिक भवन में किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम संयोजक सन्तोष कुमार माथुर ने बताया कि इस आयोजन की कड़ी मे

■ स्वामी विवेकानंद के विचारों की आवश्यकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन होगा

समाज के युवा वर्ग की स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं को प्रेरणा लेकर आगे बढने की आवश्यकता विषयक 200 शब्द सीमा तक निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 जनवरी तक सादे कागज पर हाथ से हिन्दी भाषा में लिखकर अपनी प्रविष्ठी कार्यालय कायस्थ जनरल सभा प्रताप स्कूल अथवा 17 सेक्टर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित कायस्थ सामुदायिक भवन में जमा करा सकेंगे।

संस्था अध्यक्ष नरेश माथुर, महासचिव डॉ. विरेन्द्र माथुर, उपाध्यक्ष गौतम माथुर,जगदीशचन्द्र माथुर ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता मे समाज का 15 से 35 वर्ष आयुवर्ग का स्थानीय निवासी युवा कोई भी भाग ले सकेगा। चयनित विजेताओं को 12 जनवरी को कार्यक्रम में प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

रेलवे ने 68 लोगों पर कार्रवाई की

जोधपुर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर ट्रेनों में सफर करने के दौरान बिना उचित कारण के अलार्म चैन खींचने पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 68 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

■ बिना उचित कारण अलार्म चैन खींचने पर रेलवे सुरक्षा बल ने कार्रवाई की

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त नीतीश शर्मा के नेतृत्व में जोधपुर मंडल में माह नवम्बर - 2024 में बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने वाले 68 लोंगो पर कार्यवाही करके 24 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया।

डीआरएम सिंह ने बताया कि जोधपुर मण्डल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है, इन्ही प्रयासों के क्रम में जोधपुर मण्डल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है। जिसमे नवम्बर -2024 में जोधपुर पोस्ट द्वारा चैन पुलिंग करने वाले 15 लोगों से 3600, भगत की कोठी पोस्ट द्वारा 12 लोगो से 4400, मेड़ता रोड पोस्ट द्वारा 23 लोगो से 9200, बाड़मेर पोस्ट द्वारा 05 जनों से 1900,समदड़ी पोस्ट द्वारा 9 लोगों से 3700, जैसलमेर पोस्ट द्वारा 04 लोगों से 1200 रुपये जुर्माना वसूला गया। रेल प्रशासन अपने यात्रियों से अनुरोध किया है कि बिना उचित एवं प्रर्याप्त कारण के चेन पुलिंग न करें ,ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उक्त कृत्य से आपके साथी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

गणपति की आराधना करने के बाद कथा शुरू की

सायला में श्रीमद भागवत कथा को लेकर वरघोड़ा निकाला। फोटो-राष्ट्रदूत

सायला, (कासं)। सायला के शान्तिपुरा में बुधवार को मातुश्री स्व. जठीदेवी धर्मपत्नी गोवर्धन त्रिवेदी की वार्षिक पुण्यतिथि पर बुधवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिन कथावाचक डॉ. देवकीनन्दन (ब्रह्मर्षि) डाकोर ने श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ भगवान गणपति की आराधना से किया। इसके बाद कथा में प्रवेश करते हुए बताया कि यज्ञ कई प्रकार के होते हैं लेकिन मुख्यतः तीन यज्ञ यथा सात्विक, राजसूय एवं ताम्सिक यज्ञ होते है। सात्विक यज्ञ परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए होता हैं जिसमें सात्विक सामग्री की आहुति दी जाती है। राजसूय यज्ञ में पद पर बैठकर लाभ प्राप्ति के उद्देश्य से आहुति देता है। जबकि ताम्सिक यज्ञ किसी को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से किया जाता है। कथावाचक डॉ. देवकीनन्दन ने श्रीमद् भगवत एवं श्रीमद् भागवत में भेद में बताते हुए कहा कि भगवत का अर्थ भगवान ने जो अपने मुख से वाणी कही जिसमें भगवान की ही कथा हैं और भागवत का अर्थ भक्तों की कथा है। भागवत कथा में द्वादश स्कन्ध है जिसमें 18 हजार श्लोक है। कथावाचक ने भागवत कथा की शुरू होने का प्रसंग बताते हुए कहा कि उतरप्रदेश के नेमीसारण्य में 18 हजार ऋषि एकत्रित हुए और 1 हजार वर्ष के ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया। लेकिन किसी भी शुभ कार्य में बाधाओं की संभावना होती है। एक हजार वर्ष के यज्ञ में भी अनेकों बाधाओं का भय था। इसलिए ऋषियों ने धर्मराज और यमराज को ही यजमान बनाकर यज्ञ में बैठा दिया । ताकि बाधायें ज्ञान यज्ञ से दूर रहे। वर्तमान में एक सप्ताह की कथा का आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य कथा में बाधाओं की संभावनाओं को कम करना होता है। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

कथावाचक ने कहा कि व्यक्ति को चार स्थानों पर कभी भी खाली हाथ नही जाना चाहिए। पहला पिता को पुत्री के घर, दूसरा शिष्य को गुरू से मिलने पर, तीसरा मङ्ग-मंदिर में और चौथा किसी भी धार्मिक आयोजन में व्यक्ति को खाली हाथ नही जाना चाहिए। साथ ही उन्होने आशीर्वाद की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि व्यक्ति को आशीर्वाद भी एक बार लेना चाहिए, बार-बार आशीर्वाद के लिए झुकने से पूर्व आशीर्वाद का पुण्य चला जाता है।

भागवत कथा के प्रथम दिन शांतिपुरा स्थित आयोजक परिवार स्व. जयशंकर त्रिवेदी परिवार के निवास स्थल से वरघोडे का आयोजन किया गया। जिसमें सुसज्जित रथ में कथावाचक डॉ. देवकीनन्दन डाकोर विराजमान थे। वरघोडा ढोल-ढमाकों के साथ ब्रह्मपुरी स्थित महालक्ष्मी मंदिर पहुंचा। जहां से श्रीमद् भागवत कथा को सिर पर धारण कर पुराना बस स्टेण्ड स्थित गणपति मंदिर पहुंचे। जहां पूजा अर्चना के बाद पुनः नाचते गाते हुए कथास्थल पहुंचे।

चाइनीज मांझे से पतंगबाजी पर रहेगा प्रतिबंध

बालोतरा, (कासं)। जिला कलैक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुशील कुमार यादव ने मकर संक्रान्ति पर जिले में करंट की आशंका वाले तथा पक्षियों एवं मनुष्यों को चोट पहुंचाने वाले मांझे से पतंगबाजी करने पर प्रतिबंध लगाया है।

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री सुशील कुमार यादव की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी आदेश के मुताबिक मकर सक्रान्ति के अवसर पर बालोतरा जिले में पतंग उडाए जाएंगे। वर्तमान समय में पतंग के लिए इस प्रकार का मांझा प्रचलन में आया है जिससे पतंगबाजी करने पर बिजली के तारों के सम्पर्क में आने से विद्युत प्रवाहित होकर करन्ट आने से जानमाल की हानि की आशंका रहती है। साथ ही इस प्रकार के मांझे से पतंगबाजी करने पर आकाश में स्वच्छंद विचरण करने वाले पक्षियों की गर्दन कट जाती है तथा इससे मनुष्यों को भी चोट पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि जानमाल की रक्षा एवं सुरक्षा कारणों को मध्यनजर रखते हुए जिले के किसी भी क्षेत्र में पतंगबाजी के लिए इस प्रकार के अनुपयुक्त मांझे, प्लास्टिक अथवा इस प्रकार से चाईना निर्मित सिंथेटिक मटेरियल से बने हुए एवं अन्य टॉक्सिक मेटेरियल जैसे आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर से बने पक्के धागे को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। उनके मुताबिक इस प्रकार के धागे एवं मांझे का पतंगबाजी के लिए कोई भी व्यक्ति उपयोग नहीं करेगा तथा न ही किसी व्यक्ति को उपयोग, विक्रय करने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही प्रातः 6 से 8 बजे तक एवं सायं 5 से 7 बजे तक पतंगबाजी पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं विधिक प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश आगामी एक माह तक प्रभावशील रहेगा।

राष्ट्रीय नाट्य समारोह के तहत जोधपुर में तीन नाटक होंगे

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से एनएसडी द्वारा आयोजित 'हीरक जयंती राष्ट्रीय नाट्यय समारोह' के आयोजन के तहत तीन नाटकों का प्रदर्शन जोधपुर में किया जाएगा। समारोह 3 से 5 जनवरी तक चलेगा। इन नाटकों का प्रदर्शन टाऊन हॉल के मुख्य सभागार में शाम 7:00 बजे से होगा।

गौरतलब है कि एनएसडी इस साल अपनी 60 वीं वर्षगांठ 'रंग षष्ठि के रूप में मना रहा है। इसके तहत देश के अलग-अलग शहरों में राष्ट्रीय नाट्यय विद्यालय के रेपर्टरी कंपनी के नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में जोधपुर में 3 नाटकों का मंचन होगा।

तीन जनवरी धर्मवीर भारती के लिखे ननाटक बंद गली का आखिरी मकान' का मंचन किया जाएगा। देवेंद्र राज अंकुर द्वारा निर्देशित एक महत्वपूर्ण हिंदी नाटक है जिसे कहानी के रंगमंच के स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा । इस नाटक में विभिन्न सामाजिक, मानसिक और व्यक्तिगत पहलुओं को दर्शाया गया है, जो दर्शकों को गहरे विचार और भावनाओं के साथ जोड़ता है। चार जनवरी को विजयदान देथा लिखित कहानी "दुविधा" (माई री मैं का से कहूँ) का मंचन किया जाएगा।।स्त्री की इच्छा और उसकी भावनाओं तथा सामाजिक मर्यादा के बीच द्वंद्व की कथा है। आज के इस प्रगतिशील समाज के सामने, जो की स्त्रीयों को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलकर चलने और सामान अधिकार प्रदान करने की बात करता है। सबसे बड़ी विषमता या विडम्बना, को लेखक के शब्दों में कुछ यूँ सामने रखता है- "लुगाई की अपनी मर्जी होती ही कहां है, मसान ना पहुंचे तब तक मेढ़ी और मेढ़ी से सीधी मसान'। पांच जनवरी को मिथिलेश्वर की कहानी पर आधारित विभांशु वैभव द्वारा नाट्यय रूपांतरित बाबूजी जिसका संगीत प्रसिद्ध निर्देशक आदरणीय बी वी कारंथ द्वारा अभिकल्पित किया गया है।

बाबूजी... नाटक" एक संगीतमय नाट्यय प्रस्तुति है, जिसे राजेश सिंह ने निर्देशित किया है। यह नाटक भारतीय समाज और परिवारों में रिश्तों, भावनाओं और संघर्षों को बेहद गहराई से पेश करता है। नाटक का केंद्र बिंदु एक पारंपरिक भारतीय परिवार और उसके भीतर हो रहे बदलावों को दर्शाता है। खासतौर पर यह नाटक एक पिता का उसके पत्नी और बच्चों के बीच के रिश्ते पर आधारित है, जिसमें परिवार के भीतर छिपी भावनाओं, तकरारों और समझौतों को उजागर किया जाता है।

इसके अलावा 3 दिन राष्ट्रीय नाट्यय विद्यालय के प्रशिक्षकों द्वारा कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी जिसमें 3 जनवरी को शिव प्रसाद गोंड एवं सत्येंद्र मालिक द्वारा अभिनेता एवं उसका शरीर 4 जनवरी को राजेश सिंह द्वारा अभिनेता आलेख से मंच तक एवं 5 जनवरी को अभिषेक मुद्गल द्वारा मंच प्रबंधन विषयों पर कार्यशालाएं अकादमी परिसर में होंगी।

लैंगिक अपराध में सजायाप्ता बंदी की अस्पताल में मौत

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागार में सजायाप्ता बंदी की तबीयत बिगडने के बाद उसकी मथुरादास माथुर अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। वह लैंगिक अपराध में पांच वर्ष की सजा काट रहा था। उसे जालोर जेल से जोधपुर जेल में शिफ्ट किया गया था।

पुलिस ने बंदी का आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया। इस बारे में जेल अधीक्षक की तरफ से रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई।

रातानाडा थाने के एएसआई हीरालाल ने बताया कि जालोर जिले के भीनमाल स्थित जेतू के रहने वाले 50 वर्षीय जेठाराम पुत्र हरजीराम को लैंगिक अपराध प्रकरण में 21 दिसम्बर 21 को पांच साल की सजा और जुर्माना लगाया गया था। उसे जेल भेजने के आदेश हुए थे। उसके खिलाफ वर्ष 2020 में प्रकरण दर्ज हुआ था। 25 दिसम्बर 21 को उसे जालोर जेल से जोधपुर जेल में शिफ्ट किया गया था। यहां पर उसकी बाद में तबीयत खराब रहने लगी थी। जोधपुर जेल डिस्पेंसरी में उसका उपचार चल रहा था। 19 दिसम्बर 24 को उसकी ज्यादा तबीयत बिगडने पर मथुरादास माथुर अस्पताल में रैफर किया गया, मगर 31 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई। एएसआई हीरालाल ने बताया कि शव का आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। जांच न्यायिक अधिकारी की तरफ से की जा रही है।

ग्राम पंचायत थापन में रात्रि चौपाल आज होगी

बालोतरा, (कासं)। सिवाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत थापन में 2 जनवरी कोकलैक्टर सुशील कुमार यादव रात्रि चौपाल करेंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार ने बताया कि गुरुवारको शाम 6 बजे कलैक्टर की अध्यक्षता में सिवाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत थापन में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को रात्रि चौपाल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

कार्यालय ग्राम पंचायत बूल पंचायत समिति धोरीमना जिला बाडमेर

क्रमांक/PS Leval/निविदा/2024/259 दिनांक: 31/12/2024

निविदा सूचना संख्या- 02/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर **ग्राम पंचायत बूल पंचायत समिति धोरीमना (जिला बाडमेर) के स्वच्छता उपचारात्मक इंटरलांकिग खंरजा सडक कार्य ग्राम पंचायत परिसर बूल** हेतु मय दो वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) के हेतु सा.नि.वि. मे समस्त श्रेणी में पंजीकृत एवं संवदेको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवम दूर संचार, रेल्वे, पंचायतीराज या अन्य राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के पंजीकृत संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

UBN No. - PBS2425WSRC00112

सरपंच
ग्राम पंचायत बूल
पं. स. धोरीमन्ना (बाडमेर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बूल
पं. स. धोरीमन्ना (बाडमेर)